'पैच रिपोर्टिंग एप'

चर्चा में क्यों?

18 मई, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में कहीं से भी गड्ढायुक्त सड़क की फोटो खींचकर सरकार को भेजने के लिये एक 'पैच रिपोर्टिंग एप'का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति अपने आसपास सड़कों के गड्ढों की फोटो खींचकर पूरी जानकारी के साथ अपनी शिकायत 'पैच रिपोर्टिंग एप'पर दर्ज करा सकेगा। उस सड़क की मरम्मत हो जाने के बाद शिकायतकर्त्ता को एप पर ही ठीक हुई सड़क की फोटो पूरी जानकारी के साथ भेज दी जाएगी।
- एप के माध्यम से प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त करने में काफी मदद मिलेगी।
- मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायत मिलने के एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई के लिये अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा उच्चाधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें।
- पैच रिपोर्टिंग एप में गड्ढे वाले स्थान की लोकेशन की सूचना स्वत: ही प्रदर्शित होगी। इसे प्रदेश में सड़कों को गड्ढामुक्त करने में सहयोग करने वाला यह मोबाइल एप लोक निर्माण विभाग की ओर से सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिये आमजन से परस्पर संवाद बनाए रखने के लिये विकसित किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/patch-reporting-app